	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	ज्येष्ठ 20, मंगलवार, *शाके* 1947- जून 10, 2025 *Jyaistha 20, Tuesday, Saka 1947- June 10, 2025*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

जयपुर, विकास प्राधिकरण जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मई 26, 2025

संख्या जविप्रा/उपा.7/2025/डी-969 :-जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा (3) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित श्री छत्रपति शिवाजी **गृ.नि.स.स.** की आवासीय योजना राठौड नगर के भूखण्ड संख्या **110ए** क्षेत्रफल 370 वर्गगज जिसका **भू-उपयोग** मास्टर विकास **योजना-2025** व जोनल विकास **योजना-04** के अनुसार मिश्रित दर्शाया गया है, का आवासीय से मिश्रित **भू-उपयोग** परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् अधिसूचना दिनांक 30.08.2023 द्वारा **आपत्ति /सुझाव** आमंत्रित किये गये थे। जिसमें **15** दिवस की निर्धारित अवधि में कोई **आपत्ति /सुझाव** प्राप्त नहीं हुए। प्रकरण में **भू-उपयोग** परिवर्तन किये जाने की सशर्त स्वीकृति प्रदान की गई है।

<u>उपान्तरण</u>

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा **25** की उपधारा **1** के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित श्री छत्रपति शिवाजी **गृ.नि.स.स.** आवासीय की योजना राठौड नगर के भूखण्ड संख्या **110ए** क्षेत्रफल 370 वर्गगज मे से कॉर्नर रेडियस हेतु **5.38** वर्गगज कम करते हुए **364.62** वर्गगज जिसका **भू-उपयोग** मास्टर विकास **योजना-2025** व जोनल विकास **योजना**-04 के अनुसार मिश्रित दर्शाया गया है, का **भू-उपयोग** उपान्तरण मास्टर **प्लान-2025** के अनुसार मिश्रित प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक 26.05.2025 को जारी की गई।

निशान्त जैन,
सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।